संख्या-62/2022/207ई/23-11-2022-1/1(40)/2019

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 लखनऊ : दिनांक 29 मार्च, 2022

विषय:-वित्तीय वर्ष 2021-22 में शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाईओवर के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-9934बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 07-03-2022 एवं पत्र संख्या-10297बी0 जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 23-03-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर निर्माण योजनान्तर्गत स्वीकृत 05 चालू कार्यो पर अधोलिखित तालिका में उल्लिखित विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल रू0 9000.00 लाख (रूपये नब्बे करोड़ मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद/खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	नि0ख0-2 लखनऊ (उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ)	जनपद बरेली मे दिल्ली लखनऊ मार्ग पर चौपाला चौराहे पर तीन लेन उपरिगामी सेतु व बरेली बदायूँ मार्ग एस0एच0 33 एवं पुराना बस अड्डा साइड में दो लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5931.31	5006.05	**628.69**
2	प्रा0ख0 ललितपुर	जनपद ललितपुर में महरौनी में महरौनी बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 3.20 कि0मी0)।	1157.46	592.23	**250.00**
3	प्रा0ख0 भदोही	जनपद भदोही में भदोही कस्बे के बाईपास हेतु रेवड़ा फाटक, राधेपुर मार्ग के कि0मी0 1 के 450 मी0 भाग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य	114.40/88.05	57.00	**31.05**
4	प्रा0ख0 बांदा	बांदा बाईपास मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 1 से 16 (550), 16 (683-1000) एवं 17 (0.611) में मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण तथा अवशेष भाग कि0मी0 16 (550-683), 18 (270-1000) से 20 (400) तक का निर्माण कार्य (लम्बाई 19.400 कि0मी0)	12171.45	6095.72	**2000.00**
5	नि0ख0-2 लखनऊ (उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ)	जनपद प्रयागराज में जी0टी0 रोड से एयरपोर्ट रोड निकट सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु एवं जी0टी0 रोड जंक्शन पर चौफटका से कानपुर की तरफ 02 लेन फ्लाई ओवर सेतु का निर्माण।	28421.46	5130.26	**6090.26**
		योग:-			**9000.00**

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु उल्लिखित धनराशि के सापेक्ष वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों एवं संगत शासनादेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य कार्य/मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सम्परीक्षित निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सम्बन्धी मूल शासनादेश की शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्यो पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-03-राज्य राजमार्ग-337-सड़क निर्माण कार्य-86-शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के चालू कार्यों की व्यवस्था-00-24-वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-62/2022/207ई**(1)/23-11-202**2-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
10- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in